पृष्ठ एक का शेष

बारामुल्ला...

पास दरपुरा नर्सरी इलाके से पकड़ा। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान, इनके पास से तुर्की में बनी एक कैनिक पिस्तौल, 10 राउंड गोलियों वाली एक मैगजीन और दो आईईडी बरामद किए गए। ये दोनों व्यक्ति सोपोर के चिंकीपुरा इलाके के रहने वाले हैं। अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती जांच से पता चलता है कि वे ओवरग्राउंड वर्कर के रूप में काम कर रहे थे और संभवतः आतंकवादियों के लिए हथियार और विस्फोटक लाने-ले जाने में शामिल थे। फिलहाल उनकी पहचान जाहिर नहीं की गई है।

भारत-पोलैंड...

के रूप में यह उनकी दूसरी भारत यात्रा है। इससे पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने टस्क से मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। टस्क ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी दी। टस्क अपनी यात्रा के दौरान बेंगलुरु भी जाएंगे, जहां वे सूचना प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष क्षेत्र सहित विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार एवं निवेश, रक्षा, उभरती प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, संस्कृति और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाना है। पोलैंड मध्य और पूर्वी यूरोप में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक एवं निवेश साझेदार है।

यूपी : जनगणना...

को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी उन्होंने बताया कि जनगणना के दूसरे चरण में 16 से 30 नवंबर तक स्वगणना होगी। इसके बाद एक दिसंबर से चार जनवरी तक प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी जुटाएंगे। इस दौरान प्रत्येक व्यक्ति से करीब 40 सवाल पूछे जाएंगे। इनमें परिवार, मकान और रहने की स्थिति के साथ आधार नंबर, बैंक खाते की संख्या, मोबाइल नंबर, वोटर आईडी, भारतीय पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ी जानकारी शामिल होगी। किसी भी दस्तावेज की प्रति जमा नहीं करनी होगी। नागरिकों का डाटा गोपनीय रखा जाएगा। जनगणना में कोई छूट न जाए, इसके लिए चार जनवरी को विशेष अभियान चलेगा। शाम पांच से रात दस बजे तक फुटपाथ, फ्लाईओवर के नीचे, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर सोने वालों की गणना की जाएगी। झुग्गी-बस्ती में झोपड़ी बनाकर रहने वाले परिवार भी इसमें शामिल होंगे। प्रदेश में अभियान के लिए 5.62 लाख से अधिक कार्मिक लगाए जाएंगे।

सीजेपी...

कुमार के खिलाफ नारेबाजी करने का आरोप है। वे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। सौरव दास और आशुतोष रंका को एक सप्ताह की न्यायिक हिरासत के बाद बुधवार को तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया। अदालत ने दोनों को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के जमानती बांड जमा करने तथा शांति बनाए रखने का लिखित आश्वासन देने पर रिहा करने का निर्देश दिया था। अजिंक्य शिंदे को पहले ही जमानत बांड पर रिहा किया जा चुका है।

मतदाता सूची...

मयंक गोस्वामी और अमरिया के एसडीएम हेमंत चौधरी को गंभीर लापरवाही का दोषी माना गया। ये दोनों विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के पद पर तैनात थे। आयोग ने बुधवार को दोनों उप जिलाधिकारियों को उनके पदों से हटा दिया था। उन्हें जिला मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। वीआरसी के कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल कुमार की सेवाएं भी समाप्त कर दी गई हैं।आयोग की सख्ती के बाद यह बड़ी कार्रवाई की गई है। दोनों एसडीएम के खिलाफ अब विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन आगे की कार्रवाई करेगा। बता दें कि सपा ने सोमवार को इस मामले में ज्ञापन दिया था। बुधवार को कांग्रेस पार्टी ने भी इस मुद्दे को उठाया। इस मामले में दोनों दलों के नेताओं ने मोर्चा खोल रखा है। एसआईआर के बाद मतदाता सूची में गड़बड़ियों का मामला तूल पकड़ने लगा है।

सदर विधानसभा सीट पर वोटों में हेरफेर के आरोप लगाते हुए सपा और कांग्रेस ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस नेता कुमुद गंगवार ने 13 हजार से अधिक वोटों में गड़बड़ी और कुल 16 हजार से अधिक वोटों में हेरफेर का आरोप लगाया है। उन्होंने इसके पीछे सत्ता पक्ष के एक मौजूदा विधायक के इशारे पर अधिकारियों के सिंडिकेट के काम करने का दावा किया। मामले में तत्कालीन डीएम की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने डीएम से मुलाकात कर ज्ञापन भी सौंपा। वहीं, समाजवादी पार्टी ने भी प्रेसवार्ता कर मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाया। सपा जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार, पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां फूल बाबू ने सदर विधानसभा सीट की मतदाता सूची में कथित हेरफेर के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। सपा नेताओं का आरोप है कि सत्ता पक्ष के दबाव में अधिकारियों ने काम किया।

रेलवे ट्रैक...

जिले के गोसाईगंज क्षेत्र के कटरा निवासी झिनका के मुताबिक उनकी मां निर्मला, भाभी सोना के साथ अंबेडकरनगर जिले के अहिरौली क्षेत्र के अटवाई मुरीदपुर में घोंघा बीनने गई थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों महिलाएं अहिरौली के अटवाई क्रॉसिंग से करीब 500 मीटर की दूरी पर रेलवे ट्रैक को पार कर दूसरी ओर जा रही थीं, तभी अकबरपुर-कटेहरी स्टेशन होते हुए लखनऊ की ओर जा रही वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आ गईं। इससे दोनों के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ही मौत हो गई।

किशोरी सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत संकुल स्तरीय कार्यशाला आयोजित

इटवा (सिद्धार्थनगर)। खुनियांव विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत महुई में गुरूवार को किशोरी सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत घरेलू एवं लैंगिक हिंसा रोकने तथा सुरक्षित समुदाय निर्माण पर संकुल स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गयी। ग्राम पंचायत महुई में पानी संस्था द्वारा संचालित किशोरी सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत पुरुषों एवं किशोरों के साथ घरेलू एवं लैंगिक हिंसा की रोकथाम तथा सुरक्षित समुदाय के निर्माण को लेकर एक संकुल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान क्लस्टर कोऑर्डिनेटर शशिवेंद्र सिंह ने घरेलू एवं लैंगिक हिंसा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए बताया कि हिंसा को रोकना केवल महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें पुरुषों, किशोरों, परिवार और पूरे समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि घर और समाज में महिलाओं एवं किशोरियों को समान अधिकार, सम्मान, सुरक्षा और अपनी बात रखने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। आपसी बातचीत, समानता, सहयोग और सकारात्मक व्यवहार के माध्यम से हिंसा को रोका जा सकता है।

इस अवसर पर सहजकर्ता रोशनी मौर्या ने चार्ट पेपर के माध्यम से समूह चर्चा कराई। इसमें प्रतिभागियों को घरेलू हिंसा एवं लैंगिक हिंसा के विभिन्न रूपों को समझने, हिंसा के कारणों की पहचान करने तथा इसकी रोकथाम के लिए सामुदायिक स्तर पर किए जा सकने वाले प्रयासों पर चर्चा करने का अवसर मिला।

कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति के रूप में क्लस्टर कोऑर्डिनेटर संदीप सिंह, सहजकर्ता मनीषा, मनीता एवं अनुपम चौधरी सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही पर होगी कार्रवाई: एसडीएम

इटवा (सिद्धार्थनगर)। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश एसडीएम संदीप त्रिपाठी ने गुरुवार को इटवा तहसील में बीएलओ सुपरवाइजरों के साथ बैठक के दौरान दिया। एसडीएम ने वर्ष 2025 और 2026 की मतदाता सूचियों का मिलान कर कटे हुए नामों की जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम गलती से सूची से हट गए हैं, उनके नाम दोबारा जुड़वाने के लिए तत्काल फॉर्म-6 भरवाकर ऑनलाइन आवेदन कराया जाए। प्रत्येक बूथ पर कम से कम पांच फॉर्म-6 भरवाना सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने बीएलओ को फॉर्म-6, 7 और 8 पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रखने के निर्देश दिए, ताकि नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के कार्य में परेशानी न हो। एसडीएम ने बताया कि 24 अक्टूबर को विशेष बूथ दिवस आयोजित होगा। इस दिन सभी बीएलओ सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक अपने निर्धारित बूथों पर उपस्थित रहकर पुनरीक्षण कार्य पूरा करेंगे। उन्होंने बीएलओ सुपरवाइजरों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने को कहा। विशेष बूथ दिवस पर अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी भी दी। एसडीएम ने जर्जर बूथ भवनों तथा शौचालय, हैंडपंप, रैंप और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी की सूचना तत्काल देने का निर्देश दिया, ताकि आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कराई जा सकें।

बैठक में बीएलओ सुपरवाइजरों को निर्देश देते एसडीएम संदीप त्रिपाठी।

ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' का पहली बार फ्रीडिश दर्शकों के लिए स्टार उत्सव मूवीज़

गोरखपुर। भव्यता, रोमांच और शानदार एक्शन से भरपूर! इस अक्टूबर, फिल्म धुरंधर भारत के हर कोने तक पहुँचने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। पहली बार यह फिल्म फ्रीडिश दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी। रणवीर सिंह की रोमांच से भरपूर स्पाई सागा धुरंधर का प्रीमियर 25 अक्टूबर, 2026 को शाम 7 बजे एक साथ स्टार उत्सव मूवीज़, कलर्स सिनेप्लेक्स बॉलीवुड और कलर्स सिनेप्लेक्स सुपरहिट्स पर होगा। देश के लिए पर्दे के पीछे रहकर काम करने वाले उन गुमनाम नायकों को समर्पित एक्शन से भरपूर फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह एक दमदार और यादगार अंदाज़ में नजर आएँगे। फिल्म में उनके साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी और सारा अर्जुन जैसे शानदार कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस फिल्म को शानदार एक्शन, तालियाँ बजाने पर मजबूर कर देने वाले संवादों और कलाकारों के बेहतरीन अभिनय के लिए हर तरफ से सराहना मिली है। शाश्वत सचदेव के संगीत को भी दर्शकों का खूब प्यार मिला है और इसके गाने काफी लोकप्रिय हुए हैं। फ्रीडिश पर फिल्म के भव्य प्रीमियर को लेकर जियो हॉटस्टार के प्रवक्ता ने कहा, धुरंधर सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि अब यह पॉप कल्चर का हिस्सा बन चुकी है।

उपनगर बढ़नी में स्वयं सेवकों ने निकाला पथ संचलन

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)। विजयदशमी पर स्थानीय उपनगर बढ़नी में स्वयं सेवकों ने निकाला पथ संचलन अनुशासन एवं संगठनात्मक एकता का दिया संदेश। बुधवार को पथ संचलन में स्वयं सेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासन और एकता का परिचय देते हुए कतारबद्ध होकर नगर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते हुए वापस श्री रामलीला मैदान में पहुंच कर सभागार सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला संघ संचालक गोकुल गोयल,खंड कार्यवाह डा राजनरायन उपाध्याय,अजय जयसवाल,संजय मित्तल, संतोष गुप्ता अजय प्रताप गुप्ता, राजकुमार अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पंचायत कप्तानगंज-कुशीनगर

निविदा सूचना

एतद्द्वारा सर्व सम्बन्धितगणों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में नगर पंचायत कप्तानगंज जनपद कुशीनगर में वार्ड नं.-05, रामजानकी नगर के रामजानकी घाट पर महापर्व छठ के दृष्टिगत संभावित तिथि 14-11-2026 एवं 15-11-2026 को जनसुविधा के दृष्टिगत अस्थायी तौर पर निम्नांकित कार्यो को कराये जाने हेतु दरें बंद लिफाफे में सादे कागज/लेटर पैड पर दिनांक 06-11-2026 को अपराह्न 02.00 बजे तक नगर पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित किया जाता है। जो उसी दिन अपराह्न 03.00 बजे सभी निविदादाताओं की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोला जायेगा। बिना किसी को कारण बताये किसी भी दर को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्नवत् है-

क्र. सं.	कार्य का विवरण	छठ घाट का विवरण	न्यूनतम धनराशि
1	2	3	4
1.	छठ घाट पर अस्थायी रूप से टेन्ट, कुर्सी, मेज, फर्नीचर. मैट. फूल माला आदि से सम्बन्धित सभी आवश्यक कार्य।	वार्ड नं.-05, रामजानकी नगर, रामजानकी घाट पर	-----
2.	छठ घाट पर डेकोरेटिव लाईट, पैरालाईट, साउण्ड जनरेटर, सजावट आदि का कार्य।	वार्ड नं.-05, रामजानकी नगर, रामजानकी घाट पर	-----
3.	छठ घाट पर बने वेदियो/दिवाल इत्यादि की रंगाई/पुताई एवं बैनर पोस्टर आदि का कार्य।	वार्ड नं.-05, रामजानकी नगर, रामजानकी घाट पर	-----
4.	छठ घाट पर सीढ़ियों की सेटरिंग व बैरिकेटिंग आदि का कार्य।	वार्ड नं.-05, रामजानकी नगर, रामजानकी घाट पर	-----
5.	छठ घाट पर 4000 कप चाय, पानी व विस्किट आदि की व्यवस्था।	वार्ड नं.-05, रामजानकी नगर, रामजानकी घाट पर	-----
6.	छठ घाट पर नाव/नाविक आदि किराये पर व्यवस्था।	वार्ड नं.-05, रामजानकी नगर, रामजानकी घाट पर	-----

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कप्तानगंज
कुशीनगर

अध्यक्ष
नगर पंचायत कप्तानगंज
कुशीनगर

पत्र संख्या-261/न.पं. क./नि.सू./2020-27/दिनांक 22-10-2026

कार्यालय अधीक्षण अभियंता गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि., गोरखपुर

पत्रांक-8137/135 सी.-गोरखपुर वृत्त/2026 दिनांक 14-10-2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के **"ए, बी" श्रेणी** के पात्र **मार्ग कार्य हेतु** पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से **निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0, गोरखपुर** के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	सिविल कार्य की लागत लागत (लाख में)	05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत (लाख में)	निविदा की कुल लागत (लाख में) (4+5)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	गोरखपुर	जलार कुसौला वाले सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	99.00	2.46	101.46	3.10	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	6 माह	ए बी
2	गोरखपुर	भटहट ब्लाक के अन्तर्गत ग्रामपंचायत समदार बुजुर्ग में मेन रोड से कोइरी टोला होते हुए कुशीनगर सीवान तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य (05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	86.00	2.15	88.15	6.40	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	4 माह	ए बी
3	गोरखपुर	सिरसिया-सोहसा मार्ग से चिउराडीह-मुडिला मार्ग तक मार्ग का नव निर्माण कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	182.50	4.60	187.10	7.68	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	6 माह	ए बी

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 **24.10.2026 से 05.11.2026** तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक **05.11.2026** को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड **दिनांक 05.11.2026** को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि **05.11.2026** को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(यू.पी. सिंह)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड-3, लो.नि.वि.
गोरखपुर

(अशोक कुमार वर्मा)
अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि.
गोरखपुर

उ.प्र. 258832/दिनांक 21-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in

कार्यालय अधीक्षण अभियंता गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि., गोरखपुर

पत्रांक-8135/135 सी.-गोरखपुर वृत्त/2026 दिनांक 14-10-2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के **"ए" श्रेणी** के पात्र **मार्ग कार्य हेतु** पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से **निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0, गोरखपुर** के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	सिविल कार्य की लागत लागत (लाख में)	05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत (लाख में)	निविदा की कुल लागत (लाख में) (4+5)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	गोरखपुर	वार्ड संख्या 35 में स्थित मोहल्ला मानस विहार में कालरा गली फातिमा बाईपास से वात्सल्य स्कूल होते हुए दहला चैराहे तक सीसी सड़क व नाली का निर्माण कार्य।(05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	500.00	12.50	512.50	7.70	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	7 माह	ए
2	गोरखपुर	वार्ड संख्या 21 में वार्ड टोला से पानी टंकी होते हुए चन्द्रीपुर पुलिया तक सम्पर्क मार्ग(05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	860.00	21.50	881.50	13.30	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	7 माह	ए
3	गोरखपुर	वार्ड न0 21 में बवाली यादव के घर से नवल्स स्कूल तक विभिन्न गलियों में मार्ग निर्माण का कार्य।(05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	548.00	13.70	561.70	8.50	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	7 माह	ए
4	गोरखपुर	वार्ड न0 02 के मुगलहा शाहीग्राम पुरम में विभिन्न गलियों में सी.सी. मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य।(05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	828.00	20.70	848.70	12.80	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	7 माह	ए
5	गोरखपुर	वार्ड नं0-1 में रामपुर उर्फ रामनगर तमका फैक्ट्री से श्यामा देवी गर्ल्स स्कूल होते हुए सर्वप्रथा कॉलेज भारती के घर तक आर०सी०सी० रोड व नाली निर्माण कार्य एवं वार्ड नं0-1 में बी० भगता में सहारा गेट नं0-2 से नगर निगम की बाउण्ड्री होते हुए शिवदत्त के घर तक आर०सी०सी० रोड व नाली निर्माण का कार्य।(05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	509.00	12.73	521.73	7.90	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	7 माह	ए

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 **24.10.2026 से 05.11.2026** तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक **05.11.2026** को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड **दिनांक 05.11.2026** को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि **05.11.2026** को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(यू.पी. सिंह)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड-3, लो.नि.वि.
गोरखपुर

(अशोक कुमार वर्मा)
अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि.
गोरखपुर

उ.प्र. 258878/दिनांक 21-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in

कार्यालय अधीक्षण अभियंता देवरिया वृत्त, लो.नि.वि., देवरिया

पत्रांक-4843/76 यात-देवरिया वृत्त/26 दिनांक 14-10-2026

ई-निविदा सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

1. महामहिम राज्यपाल उ0प्र0, की ओर से उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग के 'ए' श्रेणी मे मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत पात्र निविदाताओं से ई-टेंडिरिंग के माध्यम से निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 देवरिया के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

2.

क्र सं	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की पात्रता श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	देवरिया	जनपद देवरिया में मुसैला भागलपुर मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चैनेज 0.000 से 17.300 (मईल) तक के भाग का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य	2682.00	40.23	(निविदा मूल्य 300.00 स्टेशनरी चार्जेज 2000.00 +जी.एस.टी. ऑनलाइन भुगतान) कुल रू0 2714.00 मात्र	12 माह	अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0, लो0नि0वि0, देवरिया	अधीक्षण अभियन्ता, देवरिया वृत्त लो0नि0वि0 देवरिया	मुख्य अभियन्ता, गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0 गोरखपुर	ए0

3. प्रत्येक निविदा का शुल्क खाता UP e-Tender Online Account- Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा।
4. प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि खाता UP e-Tender Online Account- Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा। बिड डाक्यूमेंट वेबसाईट htpp://etender.up.nic.in एवं Prahari पर दिनांक 28.10.2026 से 13.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 13.11.2026 को 12:30 बजे अपरान्ह में वृतीय कार्यालय, लो0नि0वि0, देवरिया में खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 13.11.2026 को 12.00 बजे तक, शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा। निविदाओ का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेंट में संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(जे.बी. सिंह)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.
देवरिया

(वेद नारायण)
अधीक्षण अभियंता
देवरिया वृत्त, लो.नि.वि.
देवरिया

उ.प्र. 258837/दिनांक 21-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in

कार्यालय अधीक्षण अभियंता गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि., गोरखपुर

पत्रांक-8136/135 सी.-गोरखपुर वृत्त/2026 दिनांक 14-10-2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के **"ए" श्रेणी** के पात्र **मार्ग कार्य हेतु** पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से **निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0, गोरखपुर** के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	सिविल कार्य की लागत लागत (लाख में)	05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत (लाख में)	निविदा की कुल लागत (लाख में) (4+5)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	गोरखपुर	वार्ड न0 14 के मु० राजेन्द्र नगर में विभिन्न गलियों में सी.सी. मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	294.00	7.35	301.35	17.10	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	7 माह	ए
2	गोरखपुर	वार्ड न0 14 के मु० बरगदवा में तिवारी कालोनी में विभिन्न गलियों में सी.सी. मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य।(05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	351.00	8.78	359.78	20.00	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	7 माह	ए
3	गोरखपुर	वार्ड न0 14 के मु० द्वारिकापुरी में विभिन्न गलियों में सी.सी. मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य।(05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	246.00	6.15	252.15	14.70	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	7 माह	ए
4	गोरखपुर	वार्ड संख्या 35 में स्थित फातिमा बाईपास से टाइम पब्लिक स्कूल होते हुए राजनगर कॉलोनी तक सीसी सड़क व नाली का निर्माण कार्य।(05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	286.00	7.15	293.15	16.70	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	7 माह	ए
5	गोरखपुर	वार्ड न0 17 में सुनील गुप्ता के घर से नारायण मन्दिर होते हुए त्रिभुवन जी के मकान तक मार्ग निर्माण का कार्य।(05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	385.00	9.63	394.63	21.80	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	7 माह	ए
6	गोरखपुर	वार्ड न0 54 उर्वरक नगर में फुलवारी ढाबा करीम नगर मुख्य मार्ग से शिवपुरी कालोनी तक मार्ग निर्माण का कार्य।(05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	342.00	8.55	350.55	19.60	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	7 माह	ए
7	गोरखपुर	वार्ड न0 08 में यदुवंशी डेयरी से जियो पार्क होते हुए डी0आर0 स्कूल तक मार्ग निर्माण का कार्य।(05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	366.00	9.15	375.15	20.80	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	7 माह	ए
8	गोरखपुर	वार्ड न0 23 शिव सिंह क्षेत्री नगर के राहुल नगर कालोनी में रीना सिंह के मकान से अमरनाथ गुप्ता के डेयरीए मणीन्द्र पाण्डेय के मकान होते हुए मनोज मिश्रा के मकान तक मार्ग निर्माण का कार्य।(05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	366.00	9.15	375.15	20.80	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	7 माह	ए
9	गोरखपुर	वार्ड न0 02 के मु० तारा नगरी एवं द्वारिका पुरम में सी.सी. मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य।(05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	305.00	7.63	312.63	17.70	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	7 माह	ए
10	गोरखपुर	वार्ड न0 20 लच्छीपुर में आटो प्वाइन्ट से हर्षित रस्तोगी के मकान तक सी०सी० सड़क एवं सीता मैरेज हाउस से कुलदीप सोनकर के आवास तक तथा सौम्या हास्पिटल गली में सी.सी. मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य।(05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	305.00	7.63	312.63	17.70	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	7 माह	ए
11	गोरखपुर	वार्ड न0 54 उर्वरक नगर में निषाद चैराहे से शिव मन्दिर होते हुए रोशन के मकान तक मार्ग निर्माण का कार्य।(05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	357.00	8.93	365.93	20.30	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	7 माह	ए
12	गोरखपुर	सैनिक विहार सोसाइटी के गेट नं0-1 से प्लाट 13-59 होते हुए प्लाट नं0-ए 7 सेक्टर ए एवं गेट नं0-10 से प्लाट नं0 187 तक सी०सी० रोड / पिच रोड का निर्माण कार्य।(05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	305.00	7.63	312.63	17.70	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	7 माह	ए

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 **24.10.2026 से 05.11.2026** तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक **05.11.2026** को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड **दिनांक 05.11.2026** को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि **05.11.2026** को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(यू.पी. सिंह)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड-3, लो.नि.वि.
गोरखपुर

(अशोक कुमार वर्मा)
अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि.
गोरखपुर

उ.प्र. 258833/दिनांक 21-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in